# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज बोर्ड

## भारतीय रिज़र्व बैंक में श्रेणी 'बी' – (सामान्य) के अधिकारियों की भर्ती

### सूचना पुस्तिका

उपरोक्त भर्ती परीक्षा दो चरणों में होगी [चरण– I– ऑनलाइन परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) एवं चरण– II, लिखित परीक्षा (वर्णनात्मक प्रकार)]

**चरण I** (परीक्षा ऑनलाइन होगी)

| अनु. क्र. | वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| | (इसमें निम्नलिखित चार प्रकार की प्रश्नावलीयां होंगी) : | | | सभी प्रश्नावलियों के लिए कुल समय 130 मिनट |
| (i) | सामान्य ज्ञान | 80 | 80 | |
| (ii) | अंग्रेजी भाषा | 30 | 30 | |
| (iii) | परिमाणात्मक अभिरुचि | 30 | 30 | |
| (iv) | तार्किक योग्यता (वाचिक) | 60 | 60 | |
| | **कुल** | **200** | **200** | |

जैसा कि प्रवेश पत्र में निर्दिष्ट है चरण–I ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा 17/24/25 अगस्त, 2013 की होगी । उम्मीदवारों को बोर्ड द्वारा यथा निर्धारित, प्रत्येक प्रश्नावली में अलग से और कुल मिलाकर न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे । प्रत्येक प्रश्नावली में यथा निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर परीक्षा के चरण–II के लिए चयनित (शॉर्ट लिस्ट) किया जाएगा । परीक्षा के चरण–II में चयनित करने के लिए न्यूनतम कुल कट ऑफ अंक बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के संबंध में निर्धारित किए जाएंगे । ऑनलाइन परीक्षा के चरण–I में चयनित उम्मीदवारों के परीक्षार्थी क्रमांक RBI की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे और उसकी संक्षिप्त सूचना अंग्रेजी समाचार पत्रों में सितंबर/अक्तूबर 2013 में प्रकाशित की जाएगी ।

**नोट :** परीक्षार्थी को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली में उत्तीर्ण होना होगा । प्रत्येक प्रश्नावली के उत्तीर्णांक परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर बोर्ड द्वारा तय किये जायेंगे । परीक्षार्थी सभी प्रश्नावलियों के लिये मिलाकर कुल 130 मिनट के समय के भीतर प्रत्येक प्रश्नावली के लिये तदानुसार समय विभाजित कर लें ।

**चरण II (**लिखित परीक्षा होगी **)**

| वर्णनात्मक प्रश्नपत्र | अवधि (घंटों में) | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| प्रश्नपत्र I - अंग्रेजी (निबंध, संक्षेपण, बोध गम्यता (काम्प्रीहेन्शन), व्यावसायिक/ कार्यालयीन पत्राचार) | 3 | 100 |
| प्रश्नपत्र II - आर्थिक और सामाजिक मुद्दे | 3 | 100 |
| प्रश्नपत्र III - वित्त एवं प्रबंधन | 3 | 100 |

चरण II (वर्णनात्मक प्रकार) लिखित परीक्षा अक्तूबर/नवंबर 2013 (लगभग) में केवल उन्हीं उम्मीदवारों की होगी जिन्हें इसके लिए चयनित किया गया होगा ।

चरण I का प्रश्नपत्र (अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर) तथा चरण II के प्रश्नपत्र II और III हिन्दी और अंग्रेजी द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे। उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र II और III का उत्तर पूर्णतः हिन्दी अथवा अंग्रेजी में देने का विकल्प रहेगा। चरण I में पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देने के लिये आपको उपयुक्त उत्तर को माउस क्लिक करना होगा ।

## चरण– I : वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र (ऑनलाइन परीक्षा)

परीक्षा के लिए समय 130 मिनट है; तथापि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश देना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । इन 130 मिनट के भीतर आप किसी भी समय 1 से 200 में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह हाइलाइट होगा और उसे उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे।**

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

### प्रश्नपत्र I

## प्रश्नावली I : सामान्य ज्ञान

यह परीक्षा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है।

**प्र.1.** हाल ही में डॉलर के मुकाबले रुपये की क्रयशक्ति निम्नलिखित कारण से बढ़ी थी ——

(1) भारत की ब्याज दरें विश्व में सर्वाधिक दरों में है।
(2) भारत में विदेशी सीधे निवेश का प्रवाह अत्यधिक रहा है।
(3) भारतीय निर्यातों में सतत वृद्धि हुई है।
(4) अमेरिका (US) में आर्थिक पुनरूत्थान कम होने की वजह से अमेरिकी मुद्रा (USD) का कमजोर पड़ना।
(5) उपर्युक्त सभी

**प्र.2.** टाटा उद्योग समूह ने निम्नलिखित में से कौन सा इंटरनेट सेवा उपलब्धक (provider) हस्तगत किया है ?

(1) एमटीएनएल (MTNL) (2) रोल्टानेट (3) वीएसएनएल (VSNL) (4) सत्यम ऑन लाइन (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.3.** काले धन को सफेद (वैध) करने (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने **अपने ग्राहक को जानों** (know your customer) योजना शुरू की है ?

(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड (4) सिडबी (SIDBI) (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.4.** मौजूदा नियमों के अनुसार कार्पोरेट सेक्टर के समामेलन (विलय) या अधिग्रहण के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के अलावा निम्नलिखित में से किन से अनुमति प्राप्त करनी होती है ?

(क) सम्बन्धित राज्यों के उच्च न्यायालयों से
(ख) केंद्रीय मंत्रिपरिषद से
(ग) सम्बन्धित राज्यों के मंत्रिपरिषदों से

(1) केवल **क** तथा **ख** दोनों (2) केवल **ख** (3) केवल **ग** (4) केवल **क** (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति-खेल संमिश्र **गलत** है ?

(1) यासीन मर्चेंट - स्नूकर (2) बाइचुंग भूटिया - फुटबाल (3) नाराइन कार्थिकेयन - रेसिंग
(4) गगन अजितसिंह - एथलेटिक्स (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.6.** ऐसी संविदा जिसमें भविष्य में निर्धारित तारीख को खरीदी या बिक्री का दायित्व निहित होता है उसे क्या कहते हैं ?

(1) विकल्प (2) वायदा संविदा (3) अगाऊ सौदे (4) स्वैप (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.7.** एक विदेशी पर्यटक भारत के प्रसिद्ध किलों का दौरा करना चाहता है। आप उन्हें निम्नलिखित में से किन शहरों के समूह का दौरा करने का सुझाव देंगे ?

(1) नैनीताल, मनाली और शिमला (2) पणजी, तिरूवनंतपुरम् और दमन (3) पुरी, कोलकाता और नई दिल्ली
(4) आगरा, जयपुर और ग्वालियर (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.8.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भारत की 2002–2007 की निर्यात–आयात नीति से सम्बद्ध **नहीं** है ?

(1) प्रत्याशित निर्यात के लिए वार्षिक अग्रिम लाइसेन्स सुविधा दी गयी है
(2) कर मुक्त पुनःपूर्ति प्रमाण–पत्र योजना की वैधता की अवधि 12 से बढ़ाकर 18 माह कर दी गयी है
(3) 10 वर्ष से कम पुराने सेकंड हैंड पूंजीगत माल को लाइसेन्स के बिना आयात करने की अनुमति दी गयी है
(4) विशेष निर्यात आर्थिक मंडल (एसईजेड) विकासकों को अब आयकर अधिनियम के तहत विशेष दर्जा प्राप्त नहीं होगा । अधिनियम विशेष निर्यात आर्थिक मंडलों को अन्य कारोबारी गतिविधियों के समकक्ष रखना चाहता है ।
(5) निर्यातकों को विदेशों में प्रदर्शनियों हेतु 20 लाख अमरीकी डॉलर मूल्य से अधिक के जवाहरात ले जाने की अनुमति नहीं है ।

## प्रश्नावली II : अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**प्र.9.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

इसका ठीक उत्तर "through" है जिसकी उत्तर संख्या '2' है।

**प्र.10.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.11.** The local official ........................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई है तो वह वाक्य के किसी एक अंश में होगी। उस अंश का क्रमांक ही आपका उत्तर है। यदि वाक्य में कोई गलती नहीं हो तो उसका उत्तर '5' है।

**प्र.12.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

गलती (1) में है। अतः उत्तर '1' है।

**प्र.13.** To the Hindus (1) / the Ganges is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

प्रश्न संख्या 13 में कोई गलती नहीं है। अतः इस प्रश्न का ठीक उत्तर '5' है।

**प्र.14.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

इसके अतिरिक्त आपकी अनुच्छेद की बोधगम्यता की परीक्षा के लिए अनुच्छेद पर आधारित प्रश्न भी होंगे।

## प्रश्नावली III परिमाणात्मक अभिरुची

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, परिमाणात्मक विवेचना, सारणियों एवं आलेखों का निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक में एक संख्या का लोप है जिसके लिये प्रश्नचिह्न लगाया हुआ है। आपको यह पता करना है कि प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आयेगा।

**प्र. 15.** $42 + 73 + 137 = ?$
(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र. 16.** $20 \times \frac{1}{2} = ?$
(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) 20 (5) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न क्र. 15 में सही उत्तर 252 है। अतः आपका उत्तर 2 होगा। प्रश्न क्र.16 में सही उत्तर 10 है; लेकिन (1), (2), (3) या (4) कोई भी यह उत्तर नहीं दर्शाता। अतः आपका उत्तर (5) है।

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय विवेचना अपेक्षित होगी, जैसे :

**प्र.17.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबुओं के लिए कितने पैसे लगेंगे ?
(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 61 (5) 610

**प्र.18.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) इनमें से कोई नहीं

**प्र.19.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है तो पैन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/-रु. (5) इनमें से कोई नहीं

इसके अतिरिक्त ग्राफों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

**निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी I सबसे उच्च है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.20.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

सारणी में श्रेणी I का प्रतिशत देखिये। आप देखेंगे कि वरिष्ठता को अधिकतम प्रतिशत दिया गया है। अतः आपका उत्तर है 'वरिष्ठता' जिसका क्रमांक (2) है।

**प्र.21.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

कृपया सारणी में श्रेणी III में बुद्धिमत्ता के लिए उल्लेखित प्रतिशत देखें। आप देखेंगे कि 700 कर्मचारियों में से 10 प्रतिशत लोगों ने बुद्धिमत्ता को श्रेणी III दी हैं। 700 कर्मचारियों का 10 प्रतिशत 70 है। अतः आपका उत्तर होगा क्रमांक (4)।

**प्र.22.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## प्रश्नावली IV : तार्किक योग्यता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ उदाहरण प्रश्न दिये गए हैं।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, 5 शब्द दिये गये हैं। इनमें से चार शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता हैं जबकि एक भिन्न हैं। ज्ञात कीजिये कि कौन सा भिन्न है।

**प्र.23.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

उक्त पांचों में **काला**, **लाल**, **हरा** तथा **पीला** एक समूह बनाते हैं।ये सभी रंगों के नाम हैं। **रंग** किसी रंग का नाम नहीं हैं। अतः आपका उत्तर (4) है।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए।

**प्र.24.** (1) फूल (2) वृक्ष (3) तरकारी (4) फल (5) वाटिका

**प्र.25.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गए प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्नचिह्न लगा है। उसके नीचे पाँच विकल्प दिये गये हैं। चिह्न : : के बायीं तरफ के शब्दों में जो संबंध है वही चिह्न : : के दायीं तरफ के शब्दों में होना चाहिये। आपको उसी के अनुरूप विकल्प चुनकर प्रश्नचिह्न की जगह लिखना है।

**प्र.26.** चरण : मनुष्य : : खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

उक्त उदाहरण में **चरण** और **मनुष्य** में जो संबंध है उसी के अनुसार **खुर** का संबंध **घोड़ा** से है, अतः आपका उत्तर (3) है।

अब निम्नलिखित प्रश्न हल करने का प्रयास कीजिए।

**प्र.27.** दिन : रात : : दयालु : ?

(1) अंधकार (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञ

अब निम्नलिखित प्रश्न भी हल कीजिए।

**प्र.28.** कुछ नेता बेईमान होते हैं। सत्यप्रिय नेता है। इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।


(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा उम्मीदवार के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है । क्लिक किया गया विकल्प हाइलाइट होगा और उसे प्रश्न उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा ।

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वत: पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :



आप इस प्रश्न तक नहीं पहुंचे हैं



आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है

रिव्यू के लिए मार्क स्र्टटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है । रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर पर अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा ।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए । नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर सेव नहीं होता है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए सेव और नेक्स्ट पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए मार्क फॉर रिव्यू और नेक्स्ट पर क्लिक कीजिए ।

(7) प्रश्नपत्र बटन पर क्लिक करके आप सारा पेपर देख सकते हैं ।

(8) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(10) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको सेव और नेक्स्ट पर क्लिक करना चाहिए ।

(11) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या क्लीयर रिस्पान्स बटन पर क्लिक कीजिए ।

(12) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए मार्क फोर रिव्यू ऐण्ड नेक्स्ट पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(13) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद सेव नेक्स्ट बटन पर क्लिक कीजिए ।

(14) जो प्रश्न सेव या रिव्यू के लिए मार्क किए गए हैं उत्तर देने के बाद ही मूल्यांकन के लिए कनसिडर किए जाएंगे ।

(15) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(16) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर सेव एण्ड नेक्स्ट बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(17) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(18) आपकी सुविधानुसार परीक्षा के दौरान आप कभी भी सेक्शनों और प्रश्नों के बीच शफल कर सकते हैं ।

(19) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार बोर्ड/भा. रि. बैं. द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लायेबल होगा।

(20) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(21) 130 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वत: सेव कर लिए जाएंगे ।

(22) **कृपया नोट करें :–**

(a) **वास्तविक परीक्षा समय का 75% जो कि 98 मिनट है के समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की–बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया प्रवेश पत्र में अपना परीक्षार्थी क्रमांक, पासवर्ड, तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर प्रवेश पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए ।

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर/भा. रि. बैं. प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त **अंक** वास्तविक /वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ भा. रि. बैं. उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(7) ऐसा अभ्यर्थी जो प्रतिरूपण के लिये अथवा अपपरिवर्तन किए हुए जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए अशुद्ध अथवा असत्य कथन करने के लिए अथवा महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने के लिए अथवा परीक्षा में प्रवेश पाने हेतु अन्य किसी अनियमित अथवा अनुचित साधनों का अवलंबन करने के लिए अथवा परीक्षा कक्ष में अनुचित साधनों का प्रयोग करने अथवा प्रयोग करने का प्रयत्न करने के लिए अथवा परीक्षा कक्ष में दुराचार करने के लिए दोषी हो अथवा बोर्ड द्वारा घोषित हो,

i. उसे बोर्ड द्वारा किसी परीक्षा में प्रवेश पाने से अथवा अभ्यर्थी चयन हेतु बोर्ड द्वारा लिए जाने वाले साक्षात्कार में उपस्थित होने से, और

ii. बैंक द्वारा बैंक अधीन सेवा में नौकरी से स्थायी रूप से अथवा निर्दिष्ट अवधि के लिए वंचित किया जा सकेगा, और

iii. यदि वह पहले से ही बैंक की सेवा में हो तो उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई के लिए दायी होगा ।

(8) आपको अपने साथ एक बाल–पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(9) **निःशक्तजनों (PWD) हेतु नोट :**

i. **लेखक की सुविधा केवल उन्हीं निःशक्त उम्मीदवारों PWD को दी जाएगी, जो भारत सरकार/राज्य सरकार के प्रधिकृत विभाग/अस्पताल से इस आशय का मेडिकल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे कि उम्मीदवार को लिखने और लिखने की गति में शारीरिक दिक्कत है । उम्मीदवार को लिखने और लिखने की गति के बारे में मूल मेडिकल प्रमाणपत्र (एक फोटोकापी सहित) परीक्षा देने के प्रत्येक स्तर पर साथ लाना होगा । परीक्षा केंद्र में मूल का सत्यापन किया जाएगा और फोटो कापी परीक्षा प्रभारी द्वारा रख ली जाएगी । ऐसे प्रमाणपत्र के बिना आए उम्मीदवारों के लेखक की सुविधा नहीं लेने दी जाएगी ।**

ii. **जो PWD उम्मीदवार, लेखक की सुविधा लेना चाहते हैं, आवश्यक अनुदेशों को अवश्य डाउनलोड कर लें और ध्यान से पढ़ लें । इन्हें RBI की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।**

iii. **इन उम्मीदवारों को संयुक्त वत्तन/घोषणा फार्म भी प्रस्तुत करना होगा जिसे RBI की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है ।**

## याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) प्रवेश पत्र और फोटो ID कार्ड

(2) एक बाल पाइंट पेन

आपको शुभकामनाएं

**चरण ॥**

**वर्णनात्मक प्रकार की प्रश्नावली**

चरण ॥ की परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों who are shortlisted for चरण । (वस्तुनिष्ठ परीक्षा) में सफल होंगे । तारीख और समय-सारणी की सूचना संबंधित उम्मीदवारों को दी जाएगी । इस परीक्षा में वर्णनात्मक परीक्षा के तीन पेपर होंगे - **(1) पेपर । - अंग्रेजी (2) पेपर ॥ - आर्थिक और सामाजिक मुद्दे** तथा **(3) पेपर ॥। - वित्त और प्रबंधन**। इनमें से प्रत्येक पेपर 3 घंटे की अवधि का और 100 अंक का होगा।

**नोट : चरण ॥** के **प्रश्न पत्र ।** के उत्तर **अंग्रेजी** में दिए जाने चाहिए ।

**चरण ॥ के प्रश्नपत्र ॥ और ॥।** के उत्तर परीक्षार्थी अपनी इच्छानुसार अंग्रेजी या हिंदी में दे सकता है । लेकिन सभी प्रश्नों के उत्तर केवल चुनी हुई भाषा में देने होंगे । अंशतः अंग्रेजी और अंशतः हिंदी में लिखि गई उत्तर पुस्तिकाएं जांची नहीं जाएंगी ।

**पेपर । का पाठ्यक्रम - अंग्रेजी :** निबंध, संक्षेपण, बोधगम्यता (काम्प्रिहेंशन), व्यावसायिक/कार्यालयीन पत्राचार।

**पेपर ॥ का पाठ्यक्रम - आर्थिक और समाजिक समस्याएं :** वृद्धि और विकास - वृद्धि का पैमाना - राष्ट्रीय आय और प्रति व्यक्ति आय - भारत में गरीबी उन्मूलन और रोजगार निर्माण - निरंतर विकास और पर्यावरण समस्याएं - भारत में आर्थिक सुधार - औद्योगिक और श्रमिक नीति - मौद्रिक और राजकोषीय नीति - निजीकरण - आर्थिक आयोजना की भूमिका। भूमंडलीकरण - भारतीय अर्थ व्यवस्था का खुलापन - भुगतान संतुलन, निर्यात-आयात नीति - अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक संस्थाएं - अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक - विश्व व्यापार संगठन - क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग। भारत में सामाजिक संरचना - बहुसंस्कृतिवाद - जनसंख्यात्मक प्रवृत्तियाँ - शहरीकरण और स्थानांतरण - लैंगिक समस्याएं - सामाजिक न्याय : अल्पसुविधाप्राप्त लोगों के पक्ष में सकारात्मक भेदभाव - सामाजिक आंदोलन - भारतीय राजनैतिक प्रणाली - मानव विकास - भारत में सामाजिक क्षेत्र, स्वास्थ्य और शिक्षा।

**पेपर ॥। का पाठ्यक्रम - वित्त एवं प्रबंधन :**

**वित्त :** संघीय बज़ट - प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर; राजस्व के करेतर स्रोत, परिव्यय, नवीन मापदंड, वित्तीय क्षेत्र के सुधार, पूंजी बाज़ार, मुद्रा बाज़ार और विदेशी मुद्रा बाज़ार; शेयर बाज़ार और उनका विनियमन; पूंजी बाज़ार के मध्यस्थ और उनका विनियमन; सेबी की भूमिका; मुद्रा बाज़ार के कार्य; मुद्रा बाज़ार का विकास और कार्य; विदेशी मुद्रा बाज़ार; फेरा से फेमा तक; विनिमय दर प्रबंधन; विनिमय जोखिम प्रबंधन। आर्थिक विकास में बैंक और वित्तीय संस्थाओं की भूमिका; बैंक और वित्तीय संस्थाओं का विनियमन । सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में विनिवेश।

**प्रबंधन :** प्रबंधन; इसकी प्रकृति और कार्य क्षेत्र; प्रबंधकीय प्रक्रिया; आयोजना, संगठन, स्टाफ नियोजन, निदेशन एवं नियंत्रण; किसी संगठन में प्रबंधक की भूमिका। नेतृत्व : नेतृत्व के कार्य; नेतृत्व शैली : नेतृत्व के सिद्धांत; सफल नेतृत्व बनाम प्रभावी नेतृत्व। मानव संसाधन विकास; मानव संसाधन विकास की अवधारणा; एचआरडी के लक्ष्य; कार्य निष्पादन मूल्यांकन - संभाव्यता मूल्यांकन और विकास - फीड बैक और कार्य निष्पादन विचार-विमर्श - करीयर आयोजना - प्रशिक्षण और विकास - पुरस्कार - कर्मचारी कल्याण। अभिप्रेरणा, मनोबल और प्रोत्साहन; अभिप्रेरणा के सिद्धांत; प्रबंधक कैसे अभिप्रेरित करता है। मनोबल की अवधारणा; मनोबल को निर्धारित करनेवाले तत्व; मनोबल बनाने में प्रोत्साहनों की भूमिका। संप्रेषण; संप्रेषण प्रक्रियाक्रम; संप्रेषण माध्यम; मौखिक बनाम लिखित संप्रेषण; वाचिक बनाम अवाचिक संप्रेषण; उच्च, निम्न और आंतरिक संप्रेषण; संप्रेषण की बाधाएं; सूचना तकनीक की भूमिका। कंपनी नियंत्रण; कंपनी नियंत्रण को प्रभावित करनेवाले तत्व; कंपनी नियंत्रण के तंत्र।

**टिप्पणी :** उपर्युक्त पाठ्यक्रम व्यापक न होकर सांकेतिक है। उम्मीदवारों के विविध संकायों से संबद्ध होने की परिप्रेक्ष्यता को ध्यान में रखते हुए पेपर II और III के प्रश्न आधार स्तर के होंगे। **चरण II - पेपर I, II और III** में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर ही साक्षात्कार के लिए चुनिंदा उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। बोर्ड चुनिंदा उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के लिए अंकों की न्यूनतम सीमा का निर्धारण रिक्तियों की संख्या के आधार पर करेगा। उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार साक्षात्कार हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं। अंतिम चयन चरण II की 'लिखत परीक्षा' और साक्षात्कार में उम्मीदवार के निष्पादन के आधार पर किया जाएगा।